# गोंझीमाल में मुक्तिधाम स्थल को बदला जाए

## सहस्त्रधारा पर्यटकों को परेशानी, मेला सिर पर



**मंडला, देशबन्धु।** जिले का सुप्रसिद्ध पर्यटक स्थल सहस्त्रधारा मार्ग का मुक्तिधाम पर्यटकों के लिए असहनीय बन गया है। जिसे दो-दिन बाद भरने वाले कार्तिक तेरस मेला के पूर्व बदलने की नितांत आवश्यकता है, वरना जिला प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह उठना लाजिमी है। एक साल पहले से जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है। परन्तु वे वीवीआईपी के आसपास दिखने में तो रूचि रखते हैं लेकिन सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति नितांत उदासीन है।

उल्लेखनीय है कि पौराणिक काल के ख्यात माहिष्मती के शासक सहस्त्रार्जुन के नाम से मंडला शहर से पांच किलोमीटर दूर नर्मदा नदी पर अनेक धाराओं से सुशोभित सहस्त्रधारा स्थल सदियों से श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करते आया है। प्रतिवर्ष दीपावली के बाद कार्तिक तेरस के दिन यहां पर मेला भी लगता है। जिसमें दूर दूर से लोगों का आना होता है। आसपास के तीस चालीस किलोमीटर की दूरी से आमजन मेला में शिरकत करते हैं।

पहले गोंझीमाल से सहस्त्रधारा तक गोंझी से लगभग एक किलोमीटर ऊबड़-खाबड़ पत्थरों के बीच से चलते हुए लोगबाग आया-जाया करते रहे हैं। संयोग से मंडला जिले में लगभग बीस साल पहले कलेक्टर के रूप में पाराशर जी और बाद में खरे साहब की पदस्थापना के दौरान उन कलेक्टर द्वय ने सहस्त्रधारा की तस्वीर ही बदल दी जिससे यह स्थल ऐतिहासिक पर्यटक स्थल बन गया।गोंझी से सहस्त्रधारा के ऊपरी भाग तक पक्की सीमेंटेड चौड़ी सड़क का निर्माण कराया गया। नर्मदा के गहरे जल भराव के बीच स्थित भोलेनाथ मंदिर तक सुंदर छोटा पुल बनाया गया।जो विशेष खूबसूरती के साथ आकर्षण का केंद्र बन चुका है। यह स्थान इतना खूबसूरत हो गया है कि यहां की तस्वीर देश विदेश में प्रशंसा पा रही हैं।अनेक प्रकाशित कैलेंडर में इसको प्रमुख स्थान मिला है। इतना ही जिले भ्रमण में आने वालों को यहां की सीनरी गिफ्ट के रूप में देने का रिवाज ही बन गया है।

इतने ख्यातिलब्ध स्थल को पिछले एक साल से ग्राम पंचायत गोंझीमाल ने अपनी अदूरदर्शिता से बदसूरत बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। सहस्त्रधारा से लगभग एक किलोमीटर पहले मैन रोड से सटकर पंचायत ने मुक्तिधाम का निर्माण कर दिया है। जिससे यहां पर यदा कदा दाह संस्कार किया जाता है।जो सहस्त्रधारा आने जाने वालों को वह दृश्य सहनीय नहीं प्रतीत होता। यद्यपि मुक्तिधाम निर्माण के समय ग्रामवासियों ने विरोध किया था परन्तु पंचायत और जनपद ने अपनी हठधर्मिता से अरूचिकर कार्य पूरा कर ही लिया। तत्संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष का ध्यान इस निर्माण की ओर किया गया। परन्तु अफसोस इतने महत्वपूर्ण विषय की उन्होंने अनदेखी ही की। जिला अध्यक्ष को तो किसी भी समारोह में वीवीआईपी के आजू-बाजू खड़े होकर फोटो खिंचवाने में ज्यादा शौक है। बजाय किसी रचनात्मक काम को पूरा करने की। ज्ञात रहे कि दो दिन बाद ही कार्तिक तेरस को दो दिवसीय यहां पर मेला का आयोजन होगा।

# वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसो. आज सौंपेगा ज्ञापन

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के पेंशनरों पर शासन की अनदेखी ,व दमनकारी नीतियों के विरोध में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन संपूर्ण मध्य प्रदेश में आज धरना, प्रदर्शन व ज्ञापन का जिला मुख्यालय पर आयोजन कर रहा है।

इसी क्रम में मंडला जिले के वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स आज अपराह्न 3:00 बजे मंडला के बैगा- बैगी चौक पर एकत्र होकर रैली के रूप में कलेक्ट्रेट कार्यालय जाकर ज्ञापन सौंपेंगे। प्रमुख मांगों में- धारा 49 को समाप्त करना, केंद्र के समान महंगाई राहत उसी दिनांक से प्रदाय किया जाना, बिगत छठवें एवं सातवें वेतनमान का एरियर दिया जाना, पेंशनर को जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाता है, अतः आयकर नहीं लिया जाना।

समस्त पेंशनरों को 5 लाख तक निशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करना ।65 वर्ष की आयु से प्रत्येक 5 वर्ष में 5: की वृद्धि तथा पूर्व के समान रेलवे व बस के किराए में वरिष्ठ नागरिकों को छूट दिया जाना। पेंशनर की मृत्यु पर शासकीय सेवक के समान 50000 की अंतिम संस्कार राशि दिया जाना ।व अन्य स्थानीय मांगे शामिल हैं, जिनमें 30 जून को सेवानिवृत्त पेंशनरों को एक वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाना ,महीने की 1 तारीख को जन्म लेने वाले कर्मचारियों को पिछले माह की 30 तारीख को सेवानिवृत्ति कर दिया जाता है।

## सार-समाचार

### भारतीय किसान संघ की जिला व तहसील शाखा का गठन आज

#### 31 सौ रुपए क्विंटल धान खरीदी के लिए कलेक्टर मंडला को सौंपेंगे ज्ञापन

**मंडला, देशबन्धु।** भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष श्रीराम सिंधिया ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि भारतीय किसान संघ की कार्यकारिणी का 3 वर्षों के लिए गठन ग्राम, तहसील, जिला, संभाग, प्रांत ,राष्ट्र स्तर पर किया जाता है। मंडला जिला एवं तहसील का गठन होना है। इस संदर्भ 5 नवम्बर मंगलवार को समर्पण भवन में सम्पन्न बैठक में 11 नवंबर 2024 दिन सोमवार को जिला एवं तहसील कार्यकारिणी का गठन किये जाने के निर्णय लिया गया था।इस परिप्रेक्ष्य में आज सोमवार को दोपहर 12:00 से बस स्टैंड के समीप समर्पण भवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय मंडला में कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया का कार्य प्रारंभ की जावेगा। तत्पश्चात जिला तहसील एवं क्षेत्र स्तर की समस्याओं एवं सरकार के वायदा अनुसार समर्थन मूल्य पर धान ?3100 प्रति क्विंटल की दर से खरीदें जाने लेकर कलेक्टर मंडला को ज्ञापन भी सोंपा जाएगा । किसान संघ जिला अध्यक्ष श्रीराम सिंधिया ने संगठन के सभी कार्यकर्ताओं, और किसानों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### कलेक्टर ने सैयद हैदर रजा कला विथिका का निरीक्षण किया

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शनिवार को नगरपालिका मंडला में स्थित सैयद हैदर रजा कला विथिका का निरीक्षण किया। उन्होंने सैयद हैदर रजा कला विथिका में स्थित पेंटिंग एवं फोटो का अवलोकन किया। कलाविथिका में साफ-सफाई एवं लाईट का प्रबंध करने के निर्देश दिए। जिससे नगरपालिका मंडला के नागरिक उक्त कला विथिका का अवलोकन कर सकें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, सहायक कलेक्टर आकिप खान, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, जनपद पंचायत मंडला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनोद मरावी, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत श्री कपिल तिवारी, मंडल संयोजक श्री रंजीत गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

### पीएम जनऔषधि केन्द्र बिछिया का किया शुभारंभ



**मंडला, देशबन्धु।** सहायक आयुक्त सहकारिता मंडला ने बताया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम जनऔषधि के अंतर्गत शनिवार को बी पेक्स समिति बिछिया के द्वारा पीएम जनऔषधि केन्द्र का शुभारंभ किया गया। जनऔषधि केन्द्र में मरीजों को सस्ते दरों पर सभी प्रकार के जेनरिक दवाईयाँ और चिकित्सा उपकरण कम दरों में उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मण्डला जिले में उक्त योजना अन्तर्गत सहकारिता विभाग के द्वारा मलारा, चिरईडोंगरी रेल्वे, हिरदेनगर में भी पीएम जनऔषधि केन्द्र संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और नागरिकगण उपस्थित थे।

### मशीन चालू करने खेत गए किसान पर तेंदुए ने किया हमला

**दमोह, देशबन्धु।** जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक में आने वाली बमनोदा ग्राम पंचायत के सतापेरी गांव में शनिवार सुबह खेत पर मशीन चालू करने गए किसान पर तेंदुए ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों को जानकारी लगी तो उन्होंने शोर मचाया, जिसके बाद तेंदुआ भाग गया। घायल किसान को इलाज के लिए सर्रा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया और घटना की जानकारी नौरादेही अभ्यारण्य के अधिकारियो को दी है। मामला व्यारमा नदी के समीप का है। यहां सतपेरी गांव निवासी किसान छिदामी पिता मिट्ठू गो? (60) शनिवार सुबह नदी किनारे खेत पर रखी मोटर चालू करने गया था। उसी दौरान तेंदुआ ने उस पर हमला कर दिया। पेट और हाथ में कई जगह उसने हमला किया। तभी ग्रामीणों का शोर सुनते ही वह भाग गया। बाद में किसान घायल अवस्था में अपने गांव आया। परिजन उसे लेकर सर्रा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां घायल का इलाज हुआ। बाद में मामले की सूचना सर्रा वन परिक्षेत्र अधिकारी को दी गई।

#### प्राथमिक, माध्यमिक और हाईस्कूल के अलावा हायर सेकेंडरी स्तर के बच्चे हुए शामिल

# खेलकूद के आयोजन में बच्चों ने लिया भाग, दिखाई प्रतिभा



**अंजनिया, देशबन्धु।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मंडला के पत्र क्रमांक/क्रीड़ा 5920 के परिपालन में संकुल स्तर पर विद्यालयो में खेलखूद की गतिविधियां आयोजित की जा रही है द्य इसी उक्त क्रम में संकुल केंद्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंजनिया में खेलकूद का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राथमिक,माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर के बच्चों ने अपने वर्ग के लिए निर्धारित खेलों में भाग लेकर शानदर खेल प्रदर्शन किया द्य जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विकासखंड स्तर पर सहभागिता हेतु टीम बनाई गई। कार्यक्रम में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केंद्र बिछिया एच.एस. मरावी, विकासखंड अकादमिक समन्वयक के. सी. पटेल, संकुल प्राचार्य अजय कुमार पटेल शामिल रहे द्य जिनमें सी एम.राईज. से रामकिशोर भांडे के द्वारा बच्चों का परिचय अधिकारियो से कराया गया। कार्यक्रम में मुकेश कुमार पटेल पीटीआई,संतोष कुमार पटेल उच्च श्रेणी शिक्षक एवं निर्णायक छात्रावास अधीक्षक राजाराम उइके व जन शिक्षक अंजनिया रमाकांत झारिया,नर्मदा प्रसाद पटेल जन शिक्षक ओरई राजेश कुमार पटेल सहित उपस्थित शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# गुरु के जयकारों से गुंजायमान होकर निकल रही प्रभातफेरी



**मंडला, देशबन्धु।** आगामी श्री गुरुनानक जयंती के अवसर पर पूर्व आयोजन की श्रृंखला में सिंधी समाज के पुरुष महिलाओं के द्वारा प्रभात फेरी निकाली जा रही है जो कि प्रातः काल 5 बजे अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्ग एवं रहवासी क्षेत्र में जाकर गुरु के जयकारों के साथ गुंजायमान हो रही है, सामाजिक जनों के द्वारा प्रभात फेरी का आतिशबाजी और फूल माला के साथ स्वागत किया जा रहा रहा है, परिवारों ने स्वागत में घर के आंगन में रंगोली सजाई, घरों को लाइटिंग से सुसज्जित किया।

प्रातः काल प्रभात फेरी में श्री गुरुनानक देव जी की प्रतिमा के साथ प्रभात फेरी अलग- अलग दिनों में निर्धारित मार्ग में जाकर भक्ति का संदेश दे रही है,इसमें शामिल संगत के द्वारा गुरु नानक देव जी की गुरबाणी एवं गुरु जयकारे लगाए जा रहे हैं, जगह-जगह प्रभात फेरी का स्वागत किया जा रहा है, स्वागत के साथ परिवारों के द्वारा आराध्य देव श्री गुरु नानक देव जी की पूजा अर्चना की जा रही है एवं भाई साहब हरनाम उदासी के द्वारा घरों में जाकर सुख शांति के लिए अरदास की जा रही है, प्रभात फेरी निर्धारित मार्ग से होते हुए पुनः श्री गुरुद्वारा साहिब में आरती,पूजा,अरदास एवं सभी परिवारों की सुख शांति की कामना के साथ संपन्न हो रही है।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं एवं बच्चे शामिल हो रहे हैं,प्रभात फेरी के समापन पर रोजाना महाप्रसादी का वितरण किया जा रहा है, 13 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार जतिन उदासी के द्वारा स्थानीय लॉन में भजन संध्या और गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी जो कि मंडला में पहली बार प्रस्तुति के लिए आ रहे हैं।

# नारायणगंज के ग्राम पडरिया और खैरी में आरोग्यम जनस्वास्थ्य शिविर आयोजित

## ग्रामीणों को मिली प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा, 70 प्लस के बने आयुष्मान कार्ड

**मंडला, देशबन्धु।** विकासखंड नारायणगंज के ग्राम पडरिया, खैरी में ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने आरोग्यम मंडला जन स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। पडरिया शिविर का शुभारंभ सीएचसी प्रभारी डॉ. एएल कोल की उपस्थिति में नारायणगंज पडरिया सरपंच रामकुमार तेकाम द्वारा किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मचारी समेत पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

आरोग्यम मंडला अभियान के तहत जिले के सभी विकासखंडों में वृहद जन स्वस्थ्य शिविर शनिवार को आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत नारायणगंज के ग्राम पडरिया, खैरी में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य लाभ लेने बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। जन स्वास्थ्य शिविर में सभी स्वास्थ्य सुविधाएं ग्रामीणों को मिली। शिविर में बीपी, दर्द, बुखार, सर्दी, खांसी, दाद, खुजली, नेत्र रोगी, त्वचा रोग समेत अन्य बीमारी के मरीज स्वास्थ्य लाभ लेने पहुंचे। शिविर में आए लोगों का जांच परीक्षण कर निःशुल्क दवाईयां दी गई।

**ग्रामीणों की हुई सभी प्रकार की जांच-** शिविर में दी जाने वाली सेवाओं के तहत सिकलसेल एनीमिया स्क्रीनिंग, गर्भवती महिलाओं की जांच, 0 से 5 वर्ष के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, शेष बचे बच्चों का टीकाकरण, कुपोषित बच्चों की जांच, जन्मजात विकृति वाले बच्चों का चिन्हांकन एवं जांच, किशोर बालक बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप एवं शुगर की जांच, ओरल केंसर का परीक्षण, अंधत्व परीक्षण, मेंटल हेल्थ परीक्षण, वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण, टीबी, कुष्ठ एवं मलेरिया के मरीजों का परीक्षण शिविर में किया गया। शिविर के दौरान पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड और 70 प्लस वालों के भी कार्ड बनाए गए। शिविर में सिकिल सेल, एचबी, यूरिन एलवोमन, यूरिन शुगर, ब्लड शुगर, मलेरिया, टायफाईड, खखार, एचआईवी, सिफलिस, डेंगू, फायलेरियासिस, हेपटाईटिस बी और हेपीटाईटिस सी की जांच की गई। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों को भी शामिल किया गया है।

**शिविर में दी इन्होंने सेवाएं-** शिविर में नारायणगंज सीएचसी प्रभारी सीबीएमओ डॉ एएल कोल, डॉ. राकेश विश्नोई, डॉ. राजेश अहिरवार, डॉ. जयंती बट्टी, बीईई विजय मरावी, आयुष्मान मित्र प्रहलाद कछवाहा, नेत्र सहायक जयकरण चौधरी, कैम्प प्रभारी सीएचओ चंद्रिका जंघेला, खैरी कैम्प प्रभारी सीएचओ शाहिद हुसैन, सीएचओ गायत्री बिसेन, पूजा श्रीवास, रूकमणी मरावी, जयंती उर्वेती, कोशिका भूरा, एएनएम ज्योति चंद्रौल, योगिता नागवंशी, मधुशिवा, सरोजनी मरावी, साधना सरवटे, रामप्यारी उइके, खैरी पंचायत से एएनएम राजकुमारी आर्मो, रजनी यादव, सुमंत्री मार्को, रूकमणी मरावी, एमपीडब्ल्यू नरेन्द्र बैरागी, सुदर्शन ठाकुर, जगदीश प्रसाद उइके, सिकलसेल से मयूर कछवाहा समेत ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# महिष्मति घाट में पंचचौकी महाआरती की रिहर्सल की



**मंडला, देशबन्धु।** माँ नर्मदा नदी के महिष्मति घाट में देवउठनी एकादशी 12 नवंबर 2024 से संध्याकालीन पंचचौकी महाआरती प्रारंभ की जाएगी। पंचचौकी महाआरती के आयोजन के लिए संपूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के समक्ष शनिवार को महिष्मति घाट में पुजारियों के द्वारा पंचचौकी महाआरती का रिहर्सल किया गया। इस दौरान माँ नर्मदा जी की महाआरती की गई। पंचचौकी महाआरती के द्वारा माँ नर्मदा जी के समक्ष सावधान मुद्रा में होकर आरती उतारी गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री अरविंद कुमार, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, समाजसेवी श्री उमाशंकर सिंधिया, श्री पुहुप सिंह भारत सहित पुजारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# कलेक्टर ने किया सेमरखापा ऑडिटोरियम का निरीक्षण



**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शनिवार को ग्राम पंचायत सेमरखापा जनपद पंचायत मंडला अंतर्गत नवनिर्मित ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। उन्होंने इस अवसर पर ऑडिटोरियम में पेंट और साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। ऑडिटोरियम में लाईट व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, मंचीय व्यवस्था, प्रवेश एवं निकासी द्वार का निरीक्षण किया। उन्होंने ऑडिटोरियम प्रांगण के मैदान और खेल के मैदान का समतलीकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, सहायक कलेक्टर आकिप खान, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, जनपद पंचायत मंडला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनोद मरावी, मंडल संयोजक श्री रंजीत गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

# गौवंश की रक्षा के लिए समर्पण भाव जरूरी : कलेक्टर



**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि गौवंश की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा गोवर्धन पूजा प्रारंभ किया गया है। जिसका उद्देश्य जनता को गौ सेवाओं से जोड़ना है। जिससे गौवंश की रक्षा के लिए नागरिकों की सहभागिता बनें। नागरिक गौवंश की सेवा समर्पण भाव से करें, जिससे गौशालाओं का भी संचालन बेहतर ढंग से हो सके।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा शनिवार को गौशाला फूलसागर में आयोजित गौवंश रक्षा वर्ष 2024-25 के अवसर पर आयोजित गोपाष्टमी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, सहायक कलेक्टर आकिप खान, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवा यूएस तिवारी, समाजसेवी उमाशंकर सिंधिया, पत्रकार नीरज अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी, गौसेवक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट और सहायक कलेक्टर आकिप खान को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया गया। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी किसान अपने खेतों में नरवाई न जलाए। खेतों में पैरा-भूसा जमा कर सूचित करें, जिससे उक्त पैरा-भूसा को गौशालाओं के लिए लाया जा सके। उन्होंने कहा कि अपने खेतों में धान या गेहूँ के डंठलों को न जलाएं, इससे पर्यावरण प्रदूषित होता है।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि किसान अपने गौवंशों को खुला न छोड़ें। उनके लिए घर में ही चारा-भूसा का प्रबंध करें। उन्होंने बताया कि गौवंशों में 33 कोटि देवताओं का वास होता है। गौसेवा करने से पुण्य प्राप्त होता है, मन को संतुष्टि मिलती है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा गौ सेवा करने वालों को भी सम्मानित किया जाता है।